निगम मझधार में" शीर्षक के अधीन प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है :

(ख) गत तीन वर्षों में भारतीय पर्यटन विकास निगम को कितना लाभ हुआ ;

(ग) इस निगम में कितनी सरकारी पूंजी लगी है और इस पर कमाये जाने वाले लाभ की दर क्या है ; और

(घ) इस निगम के कार्यकलापों को बढ़ाने के संबंध में, भावी योजनाएं क्या हैं ?

**पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री खुरशीद आलम खां) :** (क) जी हां । 12.6.1982 को ब्लिट्ज में एक लेख प्रकाशित हुआ था ।

(ख) गत तीन वर्षों में भारत पर्यटन विकास निगम द्वारा कर के बाद अर्जित लाभ नीचे दिखाया गया है :—

| वर्ष | कर के बाद लाभ |
|---|---|
| (ख) | (लाख रु० में) |
| 1979-80 | 161.36 रु० |
| 1980-81 | 46.50 रु० |
| 1981-82 | 145.00 रु० |
| (अनन्तिम और लेखा परीक्षण किया जाना है) | |

(ग) 31.3.1982 की स्थिति के अनुसार, भारत पर्यटन विकास निगम में 4875.85 लाख रु० की सरकारी पूंजी लगी हुई थी जिसमें से 3193.84 लाख रु० इक्विटी कैपिटल के रूप में और शेष 1682.01 लाख रु० बकाया ऋण के रूप में थे। 1981-82 में निगम ने 145 लाख रु० (अनन्तिम और लेखा परीक्षण किया जाना है) का लाभ कमाया ।

(घ) इस निगम के कार्यकलापों को बढ़ाने के संबंध में भावी योजनाएं हैं—पर्यटकों को दरमियानी दरों वाला होटल आवास जुटाने के लिए राज्य पर्यटन विकास निगमों के साथ संयुक्त उद्यम योजनाएं शुरू करना; उत्तर पूर्वी क्षेत्र के पिछड़े क्षेत्रों, जम्मू और कश्मीर राज्य और उत्तर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में पर्यटक आधारिक संरचना का संवर्धन और विकास; राष्ट्रमंडल के राज्याध्यक्षों की बैठक (1983) और विश्व पर्यटन सम्मेलन 1983 के लिए होटलों का नवीकरण; विदेशों में बिक्री—एजेंटों की नियुक्ति द्वारा विपणन प्रयासों को तेज करना ; अंतर्राष्ट्रीय हवाई-अड्डों आदि पर आगमन—विश्राम-कक्षों में कर-मुक्त दुकानें खोलना ।

**General Sales Agency for Air India in London**

1497. SHRI SHYAM SUNDAR MOHAPATRA: Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the person who holds General Sales Agency for Air India in London owes huge sum of money to the Air India; and

(b) if so, what is the amount due from him?

THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (SHRI A. P. SHARMA): (a) and (b). M/s. Hindustan Travel Service, the GSA of Air India in London owes Air India a sum of £ 121,319 as outstanding upto 31st March, 1982. The GSA has raised several issues in regard to this amount and these are being examined.